# मानव वायरस और महामारी आपदा प्रतिक्रिया

**पृष्ठभूमि:**

वायरस के कारण होने वाले संक्रामक रोग, जिन्हें संचारी रोग, सांसर्गिक रोग या प्रसार्य रोग भी कहा जाता है, प्रकोप और महामारियों में तबदील हो सकते हैं, जिसकी वजह से अस्पतालों में भीड़, मौत और बीमारियों की संख्या बढ़ सकती है और हमारी रोज़मर्रा की सेवाओं में विराम लग सकत है। वायरस शारीरिक संपर्क, दूषित भोजन, शरीर के तरल पदार्थों, वस्तुओं, संदूषित हवा में साँस लेने या मच्छर जैसे वेक्टर जीवों के माध्यम से फैल सकते हैं। संक्रामक रोग जो विशेष रूप से संचारित होते हैं, कभी-कभी संक्रामक कहे जाते हैं और किसी बीमार व्यक्ति या उसके स्राव के संपर्क के माध्यम से आसानी से फैल सकते हैं। वायरस पूरे छोटे क्षेत्र में (महामारी) फैला सकता है या वह व्यापक प्रसार वाला प्रकोप (देशव्यापी) हो सकता है।

## संक्रामक रोगों के प्रसार की रोकथाम करें:

- अपने हाथ अक्सर साबुन और पानी से धोएँ या किसी अल्कोहॉल आधारित (60-95%) हाथ प्रक्षालक का उपयोग करें।
- खाँसी और छींक आने पर मुँह को टिश्यू से ढकें।
- यदि कोई बीमार है, तो उससे यथासंभव दूर रहें।
- यदि आप बीमार हैं तो काम और स्कूल से दूर घर पर रहें।

## संक्रामक रोगों के दीर्घकालिक प्रभाव के लिए तैयारी:

- दर्द निवारक दवाईयाँ, पेट के उपचार, खाँसी और ठंड की दवाईयाँ और विटामिन सहित, नुस्ख़ा रहित कोई दवाइयाँ और अन्य स्वास्थ्य आपूर्ति पास में रखें।
- परिवहन सेवाएँ बाधित या अनुपलब्ध हो सकती हैं। कम यात्रा करने और आवश्यक आपूर्ति संग्रहीत करने की योजना बनाएँ।
- आपात स्थिति के लिए ख़राब न होने वाले आहार तथा ताज़ा पानी की दो सप्ताह की आपूर्ति संग्रहीत करें।
- अपने नियोक्ता के साथ घर से काम करने की संभावनाओं पर चर्चा करें।
- यदि आप काम करने में असमर्थ हैं या आप जिस कंपनी के लिए काम करते हैं, वह अस्थायी रूप से बंद हो जाती है, तो आय के संभावित नुकसान की भरपाई के लिए योजना बनाएँ।
- रोग के प्रसार को सीमित करने और दूसरों को बीमार होने से रोकने में मदद करने के लिए स्कूल जाना बंद होने के लिए तैयार रहें।
- घर पर अपने बच्चों की शिक्षण गतिविधियों और अभ्यास की योजना बनाएँ। क़िताबें, स्कूल की आपूर्ति और शैक्षिक कंप्यूटर की गतिविधियाँ और फ़िल्मों जैसी शिक्षण सामग्री तैयार रखें।
- अद्यन जानकारी और सिफ़ारिशों के लिए रेडियो या टीवी सुनते और देखते रहें।

कोलम्बिया गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट
निर्माता:

होमलैंड सेक्यूरिटी एंड एमर्जेन्सी मैनेजमेंट एजेंसी (HSEMA)

**पिछला संशोधन: नवंबर, 2011**